futuretopper.in

Series HMJ/1

SET-1

कोड नं.
Code No. 67/1/1

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

	नोट		NOTE
(I)	कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं ।	(I)	Please check that this question paper contains **31** printed pages.
(II)	प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।	(II)	Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
(III)	कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।	(III)	Please check that this question paper contains **32** questions.
(IV)	कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।	(IV)	Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.
(V)	इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।	(V)	15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

लेखाशास्त्र

ACCOUNTANCY

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 80*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूरी तरह से पालन कीजिए :

(i) *प्रश्न-पत्र* ***दो*** *भागों में विभाजित किया गया है –* ***भाग क*** *एवं* ***भाग ख*** *। इस प्रश्न-पत्र में* ***32*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***भाग क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

(iii) ***भाग ख*** *में दो विकल्प दिए गए हैं (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा (2) अभिकलित्र लेखांकन । इसमें दिए गए विकल्पों में से आप किसी* ***एक*** *विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(iv) ***चयनित*** *विकल्प के प्रश्नों का उत्तर आरम्भ करने से पूर्व उत्तर-पुस्तिका पर चयन किए गए* ***विकल्प का शीर्षक*** *अवश्य लिखिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***13*** *तथा* ***23*** *से* ***29*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***14*** *और* ***30*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है ।*

(vii) *प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***18*** *तथा* ***31*** *लघु-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

(viii) *प्रश्न संख्या* ***19, 20*** *तथा* ***32*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है ।*

(ix) *प्रश्न संख्या* ***21*** *और* ***22*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***8*** *अंकों का है ।*

(x) *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए । किसी भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

(xi) *कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालांकि तीन-तीन अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में, छः-छः अंकों वाले* ***1*** *प्रश्न में और आठ-आठ अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है । आपको ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना है ।*

(xii) *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक भाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

भाग क

(अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. यदि साझेदारों के पूँजी खाते स्थायी हैं, तो पूँजी आहरण का लेखा किस खाते में किया जाएगा ? *1*

2. मीरा, मायरा तथा नीरा साझेदार थीं तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटती थीं । 1 अप्रैल, 2019 से उन्होंने भविष्य के लाभ 7 : 5 : 3 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । उस तिथि को उनके स्थिति विवरण में विज्ञापन उचंती खाता ₹ 45,000 का शेष दर्शा रहा था । विज्ञापन उचंती खाते की राशि को अपलिखित करने के लिए मीरा, मायरा तथा नीरा के पूँजी खातों के जमा पक्ष में खतौनी की जाने वाली राशि क्रमशः होगी : *1*

(A) ₹ 18,000, ₹ 18,000 तथा ₹ 9,000

(B) ₹ 15,000, ₹ 15,000 तथा ₹ 15,000

(C) ₹ 21,000, ₹ 15,000 तथा ₹ 9,000

(D) ₹ 22,500, ₹ 22,500 तथा शून्य

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *This question paper comprises **two** Parts – **A** and **B**. There are **32** questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

(ii) ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

(iii) ***Part B** has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements and (2) Computerized Accounting. You have to attempt only **one** of the given options.*

(iv) ***Heading of the option** opted must be written on the Answer-Book before attempting the questions of that particular **OPTION**.*

(v) *Question nos. **1** to **13** and **23** to **29** are very short answer type questions carrying **1** mark each.*

(vi) *Question nos. **14** and **30** are short answer type–I questions carrying **3** marks each.*

(vii) *Question nos. **15** to **18** and **31** are short answer type–II questions carrying **4** marks each.*

(viii) *Question nos. **19**, **20** and **32** are long answer type–I questions carrying **6** marks each.*

(ix) *Question nos. **21** and **22** are long answer type–II questions carrying **8** marks each.*

(x) *Answers should be brief and to the point. The answer of each part should be written at one place.*

(xi) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of three marks, **2** questions of four marks, **1** question of six marks and **2** questions of eight marks. You have to attempt only one of the choices in such questions.*

(xii) *However, separate instructions are given with each part and question, wherever necessary.*

PART A

(Accounting for Not-for-Profit Organizations, Partnership Firms and Companies)

1. In case the partners' capitals are fixed, in which account will withdrawal of capital be recorded ? *1*

2. Meera, Myra and Neera were partners sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1. They decided to share future profits in the ratio of 7 : 5 : 3 with effect from 1st April, 2019. Their Balance Sheet as on that date showed a balance of ₹ 45,000 in Advertisement Suspense Account. The amount to be debited respectively to the capital accounts of Meera, Myra and Neera for writing off the amount in Advertisement Suspense Account will be : *1*

(A) ₹ 18,000, ₹ 18,000 and ₹ 9,000

(B) ₹ 15,000, ₹ 15,000 and ₹ 15,000

(C) ₹ 21,000, ₹ 15,000 and ₹ 9,000

(D) ₹ 22,500, ₹ 22,500 and Nil

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

3. मोना तथा टीना एक फर्म की साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटती थीं । नैना को फर्म के लाभों में $\frac{1}{6}$वें भाग के लिए प्रवेश दिया गया । प्रवेश के समय, फर्म के स्थिति विवरण में कामगार क्षतिपूर्ति संचय ₹ 32,000 का शेष दर्शा रहा था । कामगार क्षतिपूर्ति का दावा ₹ 40,000 निर्धारित किया गया । संचय से दावे के आधिक्य की खतौनी : *1*

(A) पुनर्मूल्यांकन खाते के जमा पक्ष में की जाएगी ।

(B) पुनर्मूल्यांकन खाते के नाम पक्ष में की जाएगी ।

(C) पुराने साझेदारों के पूँजी खातों के जमा पक्ष में की जाएगी ।

(D) पुराने साझेदारों के पूँजी खातों के नाम पक्ष में की जाएगी ।

4. दिया, रिया तथा तिया साझेदार थीं तथा 2 : 3 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । 28 नवम्बर, 2019 को तिया की मृत्यु हो गई । लाभ में उसके भाग को दिया तथा रिया ने बराबर-बराबर ले लिया । नई फर्म में दिया के लाभ का भाग _____ होगा । *1*

5. एक्स तथा वाई एक फर्म के साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात मे लाभ बाँटते थे । ज़ैड को लाभों में $\frac{1}{5}$वें भाग के लिए प्रवेश दिया गया जो उसने 75% एक्स से तथा शेष वाई से प्राप्त किया । एक्स तथा वाई का त्याग अनुपात ज्ञात कीजिए । *1*

6. एक ऐसी मद का नाम बताइए जिसे प्राप्ति एवं भुगतान खाते के भुगतान पक्ष में कभी भी दर्शाया नहीं जाता, परन्तु आय एवं व्यय खाते के नाम पक्ष में दर्शाया जाता है । *1*

7. क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । ग ने अवकाश ग्रहण किया तथा संचयों, एकत्रित लाभों/हानियों तथा पुनर्मूल्यांकन पर उसके भाग के समायोजनों के पश्चात् उसके पूँजी खाते का शेष ₹ 2,50,000 था । ख्याति में उसके भाग को सम्मिलित करके ग को ₹ 3,22,000 का भुगतान किया गया । ग के अवकाश ग्रहण करने पर उसके पूँजी खाते के जमा पक्ष में लिखी जाने वाली ख्याति की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 72,000

(B) ₹ 7,200

(C) ₹ 24,000

(D) ₹ 36,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

3. Mona and Tina were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Naina was admitted with $\frac{1}{6}$th share in the profits of the firm. At the time of admission, Workmen's Compensation Reserve appeared in the Balance Sheet of the firm at ₹ 32,000. The claim on account of workmen's compensation was determined at ₹ 40,000. Excess of claim over the reserve will be : *1*

(A) Credited to Revaluation Account.

(B) Debited to Revaluation Account.

(C) Credited to old partner's Capital Account.

(D) Debited to old partner's Capital Account.

4. Diya, Riya and Tiya were partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3 : 5. Tiya died on 28th November, 2019. Her share of profit was taken equally by Diya and Riya. Diya's share of profit in the new firm will be _____ . *1*

5. X and Y were partners in a firm sharing profits in the ratio of 7 : 3. Z was admitted for $\frac{1}{5}$th share in the profits which he took 75% from X and remaining from Y. Calculate the sacrificing ratio of X and Y. *1*

6. Name an item that is never shown on the payment side of Receipts and Payments Account, but is shown on the debit side of the Income and Expenditure Account. *1*

7. A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. C retired and his capital balance after adjustments regarding reserves, accumulated profits/losses and his share of gain on revaluation was ₹ 2,50,000. C was paid ₹ 3,22,000 including his share of goodwill. The amount credited to C's capital account, on his retirement, for goodwill will be : *1*

(A) ₹ 72,000

(B) ₹ 7,200

(C) ₹ 24,000

(D) ₹ 36,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

8. राहुल, साहिल तथा जतिन एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 15 अक्टूबर, 2017 को राहुल की मृत्यु हो गई । उस समय सभी समायोजनों के पश्चात् साहिल तथा जतिन की पूँजियाँ क्रमशः ₹ 3,56,000 तथा ₹ 2,44,000 थीं । चालू खाते खोलकर साहिल तथा जतिन ने अपनी पूँजियों को नए लाभ विभाजन अनुपात के अनुसार समायोजित करने का निर्णय लिया । साहिल तथा जतिन की नई पूँजियों की गणना कीजिए । *1*

9. सन तथा स्टार एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । मून को फर्म में एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । नया लाभ विभाजन अनुपात 3 : 3 : 2 था । मून अपनी ख्याति के भाग तथा अपनी पूँजी के लिए निम्न परिसम्पत्तियाँ लाया :

	₹
मशीनरी	2,00,000
फर्नीचर	1,20,000
स्टॉक	80,000
नगद	50,000

यदि उसकी पूँजी ₹ 3,80,000 मान ली जाए, तो फर्म की ख्याति होगी : *1*

(A) ₹ 70,000

(B) ₹ 2,80,000

(C) ₹ 4,50,000

(D) ₹ 1,40,000

10. रोहन, मोहन तथा सोहन साझेदार थे तथा लाभ बराबर-बराबर बाँटते थे । साझेदारी फर्म के विघटन के समय, रोहन द्वारा फर्म को दिए गए ऋण की खतौनी : *1*

(A) रोहन के पूँजी खाते के जमा पक्ष में की जाएगी ।

(B) वसूली खाते के नाम पक्ष में की जाएगी ।

(C) वसूली खाते के जमा पक्ष में की जाएगी ।

(D) बैंक खाते के जमा पक्ष में की जाएगी ।

11. एक ऋणपत्र के अंकित मूल्य पर उसके निर्गमित मूल्य का आधिक्य _____ कहलाता है । *1*

12. निम्न में से कौन-सा कथन 'संचित पूँजी' से सम्बन्धित ***नहीं*** है : *1*

(A) यह एक कम्पनी की अयाचित पूँजी का भाग है ।

(B) इसका उपयोग कम्पनी के जीवनकाल में नहीं किया जा सकता है ।

(C) इसका उपयोग पूँजीगत हानियों को अपलिखित करने के लिए किया जा सकता है ।

(D) यह अभिदत्त पूँजी का भाग है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

8. Rahul, Sahil and Jatin were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. Rahul died on 15th October, 2017. At that time, the capitals of Sahil and Jatin after all the adjustments were ₹ 3,56,000 and ₹ 2,44,000 respectively. Sahil and Jatin decided to adjust their capital according to their new profit sharing ratio by opening current accounts. Calculate the new capitals of Sahil and Jatin. *1*

9. Sun and Star were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 1. Moon was admitted as a new partner in the firm. New profit sharing ratio was 3 : 3 : 2. Moon brought the following assets towards his share of goodwill and his capital :

	₹
Machinery	2,00,000
Furniture	1,20,000
Stock	80,000
Cash	50,000

If his capital is considered as ₹ 3,80,000, the goodwill of the firm will be : *1*

(A) ₹ 70,000
(B) ₹ 2,80,000
(C) ₹ 4,50,000
(D) ₹ 1,40,000

10. Rohan, Mohan and Sohan were partners sharing profits equally. At the time of dissolution of the partnership firm, Rohan's loan to the firm will be : *1*

(A) Credited to Rohan's Capital Account.
(B) Debited to Realisation Account.
(C) Credited to Realisation Account.
(D) Credited to Bank Account.

11. Excess of issue price of a debenture over its face value is called _____ . *1*

12. Which of the following statements does ***not*** relate to 'Reserve Capital' : *1*

(A) It is part of uncalled capital of a company.
(B) It cannot be used during the lifetime of a company.
(C) It can be used for writing off capital losses.
(D) It is part of subscribed capital.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

13. ऐसी किसी एक मद का नाम बताइए जिसका स्थानान्तरण एक साझेदारी फर्म के विघटन के समय वसूली खाते के जमा पक्ष में किया जाता है, परन्तु उसके लिए कोई नगद भुगतान नहीं किया जाता । *1*

14. एक खेलकूद क्लब के वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय निम्न मदों का लेखा कैसे किया जाएगा ? *3*

विवरण	राशि ₹
पुरस्कार निधि	44,000
पुरस्कार निधि निवेशों पर ब्याज	6,000
दिए गए पुरस्कार	46,000
मैच व्यय	64,000
पुरस्कार निधि निवेश	44,000

अथवा

एक धर्मार्थ औषधालय से सम्बन्धित निम्न सूचना से 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाते में दर्शाई जाने वाली वर्ष के दौरान उपभोग की गई दवाइयों की राशि की गणना कीजिए : *3*

विवरण	राशि ₹
1.4.2018 को दवाइयों का स्टॉक	60,000
1.4.2018 को दवाइयों के लेनदार	40,000
31.3.2019 को दवाइयों का स्टॉक	10,000
31.3.2019 को दवाइयों के लेनदार	25,000
31.3.2019 को दवाइयों के लिए अग्रिम	22,000
वर्ष के दौरान दवाइयों का उधार क्रय	2,76,000
वर्ष के दौरान दवाइयों का नगद क्रय	46,500

15. राम, मोहन तथा सोहन साझेदार थे तथा 2 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । राम ने प्रत्येक माह ₹ 3,000 का आहरण किया तथा मोहन ने प्रत्येक माह ₹ 4,000 का आहरण किया । आहरण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज लगाया गया, जबकि साझेदारी संलेख में आहरण पर ब्याज के लिए कोई प्रावधान नहीं था ।

अपने कार्य को स्पष्ट दर्शाते हुए त्रुटि की शुद्धि के लिए आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए । *4*

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

13. Name an item which is transferred to credit side of Realisation Account at the time of dissolution of partnership firm, but does not involve cash payment. *1*

14. How would the following items be treated while preparing the financial statements of a sports club ? *3*

Particulars	Amount ₹
Prize Fund	44,000
Interest on Prize Fund Investments	6,000
Prizes Awarded	46,000
Match Expenses	64,000
Prize Fund Investments	44,000

OR

From the following information of a charitable dispensary, calculate the amount of medicines consumed during the year that would appear in the Income and Expenditure Account for the year ending 31st March, 2019 : *3*

Particulars	Amount ₹
Stock of medicines on 1.4.2018	60,000
Creditors for medicines 1.4.2018	40,000
Stock of medicines 31.3.2019	10,000
Creditors for medicines 31.3.2019	25,000
Advances for medicines 31.3.2019	22,000
Credit purchases of medicines during the year	2,76,000
Cash purchases of medicines during the year	46,500

15. Ram, Mohan and Sohan were partners sharing profits in the ratio of 2 : 1 : 1. Ram withdrew ₹ 3,000 every month and Mohan withdrew ₹ 4,000 every month. Interest on drawings @ 6% p.a. was charged, whereas the partnership deed was silent about interest on drawings.
Showing your working clearly, pass the necessary adjustment entry to rectify the error. *4*

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

यदु, विदु तथा राधू एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2018 को उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 9,00,000, ₹ 5,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थी । 1 नवम्बर, 2018 को यदु ने फर्म को ₹ 80,000 का ऋण दिया । साझेदारी समझौते के अनुसार :

(i) साझेदारों को पूँजी पर 6% वार्षिक दर से ब्याज देय था ।

(ii) साझेदारों के आहरण पर 8% वार्षिक दर से ब्याज लगाना था ।

वर्ष 2018 – 19 के दौरान फर्म ने ₹ 2,53,000 का लाभ (यदु के ऋण पर ब्याज के पश्चात्) अर्जित किया । वर्ष भर में साझेदारों के आहरण की राशि यदु : ₹ 80,000, विदु : ₹ 70,000 तथा राधू : ₹ 50,000 थी ।

31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । *4*

16. फुरका, तनमय तथा बरकत एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । फर्म प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को अपने खाते बन्द करती थी । 31 जुलाई, 2019 को तनमय की मृत्यु हो गई । उसके निष्पादक को निम्न देय था :

(i) उसकी पूँजी ₹ 8,00,000 तथा ख्याति में उसका भाग । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 96,000 किया गया ।

(ii) साझेदारी समझौते के अनुसार लाभ में उसका भाग जिसकी गणना पिछले 3 वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जाएगी । पिछले 3 वर्षों का औसत लाभ ₹ 78,000 था ।

(iii) उसकी मृत्यु के समय तनमय के निष्पादकों को चैक द्वारा ₹ 95,000 का भुगतान किया गया तथा शेष का स्थानान्तरण उसके निष्पादक के ऋण खाते में कर दिया गया ।

तनमय की मृत्यु पर फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *4*

17. रोनित स्टाइल्स लिमिटेड ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों में विभक्त ₹ 85,00,000 की पूँजी से पंजीकृत थी । कम्पनी ने 45,000 अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर – ₹ 25, आबंटन पर – ₹ 35, प्रथम याचना पर – ₹ 25 तथा अन्तिम याचना पर – शेष राशि ।

42,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया गया । कवि, जिसे 3,300 अंशों का आबंटन किया गया था, दोनों याचनाओं का भुगतान करने में असफल रहा । उसके अंशों का हरण कर लिया गया ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 को अनुसूची III के अनुसार कम्पनी की अंश पूँजी को कम्पनी के स्थिति विवरण में प्रदर्शित कीजिए । *4*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

Yadu, Vidu and Radhu were partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 3. Their fixed capitals on 1st April, 2018 were ₹ 9,00,000, ₹ 5,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. On 1st November, 2018, Yadu gave a loan of ₹ 80,000 to the firm. As per the partnership agreement :

(i) The partners were entitled to an interest on capital @ 6% p.a.

(ii) Interest on partners' drawings was to be charged @ 8% p.a.

The firm earned profits of ₹ 2,53,000 (after interest on Yadu's loan) during the year 2018 – 19. Partners' drawings for the year amounted to Yadu : ₹ 80,000, Vidu : ₹ 70,000 and Radhu : ₹ 50,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year ending 31st March, 2019. *4*

16. Furkan, Tanmay and Barkat were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. The firm closes its books on 31st March every year. Tanmay died on 31st July, 2019. His executor was entitled to :

(i) His capital ₹ 8,00,000 and his share of goodwill which was valued for the firm at ₹ 96,000.

(ii) His share of profit as per partnership agreement, which was to be calculated on the basis of average profit of last 3 years. Average profits of the last 3 years were ₹ 78,000.

(iii) Tanmay's executors were paid ₹ 95,000 by cheque at the time of his death and the balance was transferred to his executor's loan account.

Pass the necessary journal entries in the books of the firm, on Tanmay's death, for the above transactions. *4*

17. Raunit Styles Ltd. was registered with a capital of ₹ 85,00,000 divided into equity shares of ₹ 100 each. The company invited applications for issuing 45,000 shares.

The amount was payable as ₹ 25 on application, ₹ 35 on allotment, ₹ 25 on first call and balance on final call.

Applications were received for 42,000 shares and allotment was made to all the applicants. Kavi, to whom 3,300 shares were alloted, failed to pay both the calls. His shares were forfeited.

Present the Share Capital in the Balance Sheet of the company as per Schedule III of the Companies Act, 2013. *4*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

18. विभिन्न परिसम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के पश्चात् टोनी तथा रोनी की साझेदारी फर्म के विघटन पर निम्न लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 6,000 की एक देयता के पूर्ण निपटान के लिए ₹ 2,000 की एक अलिखित परिसम्पत्ति तथा ₹ 3,000 का नगद भुगतान किया गया ।

(ii) ₹ 10 प्रत्येक के 100 अंशों को, साझेदारों ने 3 : 2 के अपने लाभ विभाजन अनुपात में ₹ 20 प्रति अंश के बाज़ार मूल्य पर ले लिया ।

(iii) ₹ 40,000 को एक लेनदार ने पूर्ण निपटान पर ₹ 30,000 के स्टॉक को 30% के बट्टे पर ले लिया ।

(iv) ₹ 4,000 के वसूली व्ययों का वहन रोनी को करना था । रोनी ने इन व्ययों का भुगतान करने हेतु फर्म की रोकड़ का उपयोग किया । *4*

19. 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए डी क्लब के निम्नलिखित प्राप्ति एवं भुगतान खाते तथा अतिरिक्त सूचना से 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए :

31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए डी क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता

प्राप्तियाँ		राशि ₹	भुगतान	राशि ₹
शेष नीचे लाए		2,000	वेतन	42,500
चन्दा :			प्रिंटिंग तथा स्टेशनरी	21,500
2017 – 18	1,200		फर्नीचर (1.10.2018)	15,000
2018 – 19	49,200		9% निवेश	3,000
2019 – 20	2,300	52,700	शेष नीचे ले गए	16,850
पुराने फर्नीचर का विक्रय (पुस्तक मूल्य ₹ 800)		500		
पुरस्कारों के लिए दान		43,000		
निवेश पर ब्याज		650		
		98,850		98,850

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

18. Pass the necessary journal entries for the following transactions on the dissolution of the partnership firm of Tony and Rony after the various assets (other than cash) and external liabilities have been transferred to Realization Account :

(i) An unrecorded asset of ₹ 2,000 and cash ₹ 3,000 was paid for liability of ₹ 6,000 in full settlement.

(ii) 100 shares of ₹ 10 each have been taken over by partners at market value of ₹ 20 per share in their profit sharing ratio, which is 3 : 2.

(iii) Stock of ₹ 30,000 was taken over by a creditor of ₹ 40,000 at a discount of 30% in full settlement.

(iv) Expenses of realisation ₹ 4,000 were to be borne by Rony. Rony used the firm's cash for paying these expenses. *4*

19. From the following Receipts and Payments Account of Dee Club for the year ending 31st March, 2019 and additional information, prepare an Income and Expenditure Account for the year ending 31st March, 2019 :

Receipts and Payments Account of Dee Club for the year ending 31st March, 2019

Receipts		Amount ₹	Payments	Amount ₹
To Balance b/d		2,000	By Salaries	42,500
To Subscription :			By Printing and Stationery	21,500
2017 – 18	1,200		By Furniture (1.10.2018)	15,000
2018 – 19	49,200		By 9% Investments	3,000
2019 – 20	2,300	52,700	By Balance c/d	16,850
To Sale of old furniture (Book value ₹ 800)		500		
To Donation for prizes		43,000		
To Interest on Investment		650		
		98,850		98,850

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

(i) क्लब के 400 सदस्य थे, प्रत्येक सदस्य ₹ 150 वार्षिक चन्दे का भुगतान करता था ।

(ii) भुगतान किए गए वेतन में वर्ष 2017 – 18 के लिए ₹ 3,150 सम्मिलित थे तथा वर्ष 2018 – 19 का अदत्त वेतन ₹ 4,250 था ।

(iii) 30 नवम्बर, 2018 को 9% निवेश किया गया । वर्ष के प्रारम्भ में क्लब के पास इसी प्रकार के ₹ 8,000 के निवेश थे ।

(iv) फर्नीचर पर 10% वार्षिक दर से मूल्यह्रास लगाइए । विक्रय किए गए फर्नीचर पर कोई मूल्यह्रास नहीं लगाना है । *6*

20. (i) वाई लिमिटेड ने ई.एक्स. लिमिटेड की निम्न परिसम्पत्तियों का क्रय किया :

₹ 60,00,000 की भूमि तथा भवन को ₹ 84,00,000 में; ₹ 40,00,000 के संयंत्र तथा मशीनरी को ₹ 36,00,000 में ।

क्रय प्रतिफल ₹ 1,10,00,000 था । ई.एक्स. लिमिटेड के पक्ष में ₹ 20,00,000 का एक विनिमय पत्र स्वीकार करके तथा शेष का ₹ 100 प्रत्येक के 8% ऋणपत्रों को 20% के प्रीमियम पर निर्गमित करके भुगतान किया गया ।

वाई लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(ii) जैड लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 2,00,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन 6% के बट्टे पर किया । इन ऋणपत्रों का शोधन 5 वर्ष पश्चात् 10% प्रीमियम पर किया जाना था । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 50 प्रति ऋणपत्र तथा

आबंटन पर – शेष

जैड लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3+3*

अथवा

महेश लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 20,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन किया । 31 मार्च, 2019 को 8,000, 10% ऋणपत्रों का शोधन देय था । 31 मार्च, 2018 को कम्पनी के पास ऋणपत्र शोधन संचय खाते में ₹ 4,40,000 का शेष था । 1 अप्रैल, 2018 को कम्पनी ने ऋणपत्र शोधन निवेश में आवश्यक राशि का निवेश किया ।

ऋणपत्रों के शोधन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । ऋणपत्रों पर ब्याज की प्रविष्टियाँ नहीं करनी है । *6*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

(i) The club has 400 members, each paying an annual subscription of ₹ 150.

(ii) Salaries paid included ₹ 3,150 for the year 2017 – 18 and outstanding salaries for the year 2018 – 19 were ₹ 4,250.

(iii) 9% investments were made on 30th November, 2018. The club had a similar investment of ₹ 8,000 at the beginning of the year.

(iv) Depreciate furniture @ 10% p.a. No depreciation is charged on the furniture sold. *6*

20. (i) Vayee Ltd. purchased the following assets of E.X. Ltd. :

Land and Building of ₹ 60,00,000 at ₹ 84,00,000; Plant and Machinery of ₹ 40,00,000 at ₹ 36,00,000.

The purchase consideration was ₹ 1,10,00,000. Payment was made by accepting a Bill of Exchange in favour of E.X. Ltd. of ₹ 20,00,000 and remaining by issue of 8% debentures of ₹ 100 each at a premium of 20%.

Record the necessary journal entries for the above transactions in the books of Vayee Ltd.

(ii) Zed Ltd. issued 2,00,000, 8% debentures of ₹ 100 each at a discount of 6% redeemable at a premium of 10% after 5 years. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 50 per debenture and

On allotment – balance

Record the necessary journal entries for the issue of debentures in the books of Zed Ltd. *3+3*

OR

Mahesh Ltd. had issued 20,000, 10% debentures of ₹ 100 each. 8,000, 10% debentures were due for redemption on 31st March, 2019. The company had a balance of ₹ 4,40,000 in the Debenture Redemption Reserve Account on 31st March, 2018. The company invested the required amount in the Debenture Redemption Investment on 1st April, 2018.

Pass the necessary journal entries for redemption of debentures. Ignore the entries for interest on debentures. *6*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

21. बादल तथा बिजली एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2019 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2019 को बादल तथा बिजली का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि ₹	परिसम्पत्तियाँ	राशि ₹
पूँजी :			भवन	1,50,000
बादल	1,50,000		निवेश	73,000
बिजली	90,000	2,40,000	स्टॉक	43,000
बादल का चालू खाता		12,000	देनदार	20,000
निवेश घटत-बढ़त संचय		24,000	नगद	22,000
देय बिल		8,000	बिजली का चालू खाता	2,000
लेनदार		26,000		
		3,10,000		3,10,000

उपर्युक्त तिथि को फर्म के लाभों में $\frac{1}{6}$ वें भाग के लिए रैना को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । समझौते की शर्तें निम्न प्रकार से थीं :

(i) रैना अपनी पूँजी के लिए ₹ 40,000 लाएगी और बादल तथा बिजली की पूँजियों का समायोजन रैना की पूँजी के आधार पर चालू खाते खोलकर किया जाएगा ।

(ii) रैना ख्याति प्रीमियम की अपनी राशि ₹ 12,000 नगद लाएगी ।

(iii) भवन का मूल्यांकन ₹ 15,000 तथा स्टॉक का ₹ 3,000 अधिक किया गया ।

(iv) डूबत ऋणों के लिए देनदारों पर 10% का प्रावधान करना था ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा बादल, बिजली एवं रैना के चालू खाते तथा पूँजी खाते तैयार कीजिए । *8*

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

21. Badal and Bijli were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2019 was as follows :

Balance Sheet of Badal and Bijli as at 31st March, 2019

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capitals :			Building	1,50,000
Badal	1,50,000		Investments	73,000
Bijli	90,000	2,40,000	Stock	43,000
Badal's Current A/c		12,000	Debtors	20,000
Investment Fluctuation Reserve		24,000	Cash	22,000
Bills Payable		8,000	Bijli's Current A/c	2,000
Creditors		26,000		
		3,10,000		3,10,000

Raina was admitted on the above date as a new partner for $\frac{1}{6}$th share in the profits of the firm. The terms of agreement were as follows :

(i) Raina will bring ₹ 40,000 as her capital and capitals of Badal and Bijli will be adjusted on the basis of Raina's capital by opening current accounts.

(ii) Raina will bring her share of goodwill premium for ₹ 12,000 in cash.

(iii) The building was overvalued by ₹ 15,000 and stock by ₹ 3,000.

(iv) A provision of 10% was to be created on debtors for bad debts.

Prepare the Revaluation Account and Current and Capital Accounts of Badal, Bijli and Raina. *8*

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

प्रेम, कुमार तथा आरती साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2019 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2019 को प्रेम, कुमार तथा आरती का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि ₹	परिसम्पत्तियाँ	राशि ₹
पूँजी :			भवन	25,000
प्रेम	30,000		संयन्त्र एवं मशीनरी	15,000
कुमार	20,000		निवेश	10,000
आरती	20,000	70,000	देनदार	10,000
सामान्य संचय		8,000	स्टॉक	5,000
निवेश उतार-चढ़ाव संचय		2,000	नगद	25,000
विविध लेनदार		10,000		
		90,000		90,000

उपर्युक्त तिथि को कुमार ने अवकाश ग्रहण किया । अवकाश ग्रहण की शर्तें निम्न थी :

(i) कुमार ने ख्याति के अपने भाग का विक्रय ₹ 8,000 में प्रेम को तथा ₹ 4,000 में आरती को किया ।

(ii) स्टॉक का मूल्य ₹ 1,000 तथा भवन का ₹ 7,000 कम पाया गया ।

(iii) निवेशों को ₹ 11,000 में बेच दिया गया ।

(iv) ₹ 7,000 का एक अलिखित लेनदार था ।

(v) कुमार को ₹ 30,000 का नगद भुगतान किया गया जिसे प्रेम तथा आरती 2 : 1 के अनुपात में लाए । कुमार की शेष राशि का निपटान कुमार के पक्ष में देय एक विनिमय पत्र को स्वीकार करके किया गया ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए । *8*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

Prem, Kumar and Aarti were partners sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2019 was as under :

Balance Sheet of Prem, Kumar and Aarti as at 31st March, 2019

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capitals :			Building	25,000
Prem	30,000		Plant and Machinery	15,000
Kumar	20,000		Investment	10,000
Aarti	20,000	70,000	Debtors	10,000
General Reserve		8,000	Stock	5,000
Investment Fluctuation Reserve		2,000	Cash	25,000
Sundry Creditors		10,000		
		90,000		90,000

On the above date, Kumar retired. The terms of retirement were :

(i) Kumar sold his share of goodwill to Prem for ₹ 8,000 and to Aarti for ₹ 4,000.

(ii) Stock was found to be undervalued by ₹ 1,000 and building by ₹ 7,000.

(iii) Investments were sold for ₹ 11,000.

(iv) There was an unrecorded creditor of ₹ 7,000.

(v) An amount of ₹ 30,000 was paid to Kumar in cash which was contributed by Prem and Aarti in the ratio of 2 : 1. The balance amount of Kumar was settled by accepting a Bill of Exchange in favour of Kumar.

Prepare the Revaluation Account, Capital Accounts of partners and the Balance Sheet of the reconstituted firm. *8*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

22. (i) आर.पी. लिमिटेड ने रहीम के ₹ 10 प्रत्येक के ₹ 3 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए गए 1,500 अंशों का हरण आबंटन तथा प्रथम याचना राशि का भुगतान नहीं करने पर कर लिया । रहीम ने 3,000 अंशों के लिए आवेदन किया था । इन अंशों पर, राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर	–	₹ 3 प्रति अंश
आबंटन पर (प्रीमियम सहित)	–	₹ 5 प्रति अंश
प्रथम याचना पर	–	₹ 3 प्रति अंश
अन्तिम याचना पर	–	शेष

अन्तिम याचना राशि माँगी नहीं गई थी । हरण किए गए अंशों में से 1,000 अंशों को ₹ 8,500 पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

आर.पी. लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(ii) मैक्स लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 500 अंशों का हरण ₹ 20 प्रति अंश की प्रथम याचना तथा ₹ 25 प्रति अंश की अंतिम याचना का भुगतान नहीं करने पर कर लिया । इन अंशों में से 250 अंशों को ₹ 50 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

मैक्स लिमिटेड की पुस्तकों में अंशों के हरण तथा पुन:निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अंश हरण खाता भी तैयार कीजिए । *4+4*

अथवा

करूर लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 2,40,000 समता अंशों को ₹ 4 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से किया जाना था :

आवेदन पर	–	₹ 4 प्रति अंश (₹ 2 प्रीमियम सहित)
आबंटन पर	–	₹ 4 प्रति अंश
प्रथम तथा अन्तिम याचना पर	–	₹ 6 प्रति अंश (₹ 2 प्रीमियम सहित)

3,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आंबटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर दिया गया । सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा प्राप्त हो गईं केवल रोहिनी को छोड़कर, जो अपने आवेदित 7,500 अंशों पर आबंटन तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रही । इन अंशों का हरण कर लिया गया । बाद में हरण किए गए अंशों में से 40% अंशों को ₹ 11 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया ।

करूर लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । जहाँ आवश्यक हो अदत्त याचना खाता तथा पूर्वदत्त याचना खाता खोलिए । *8*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

22. (i) R.P. Ltd. forfeited 1,500 shares of Rahim of ₹ 10 each issued at a premium of ₹ 3 per share for non-payment of allotment and first call money. Rahim had applied for 3,000 shares. On these shares, amount was payable as follows :

On application	–	₹ 3 per share
On allotment (including premium)	–	₹ 5 per share
On first call	–	₹ 3 per share
On final call	–	Balance

Final call has not been called up. 1,000 of the forfeited shares were reissued for ₹ 8,500 as fully paid-up.

Record the necessary journal entries for the above transactions in the books of R.P. Ltd.

(ii) Max Ltd. forfeited 500 shares of ₹ 100 each for non-payment of first call of ₹ 20 per share and final call of ₹ 25 per share. 250 of these shares were re-issued at ₹ 50 per share fully paid-up.

Pass the necessary journal entries in the books of Max Ltd. for forfeiture and re-issue of shares. Also prepare the Share Forfeiture Account. *4+4*

OR

Karur Ltd. invited applications for issuing 2,40,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 4 per share. The amount was payable as under :

On application	–	₹ 4 per share (including premium ₹ 2)
On allotment	–	₹ 4 per share
On first and final call	–	₹ 6 per share (including premium ₹ 2)

Applications for 3,00,000 shares were received and pro-rata allotment was made to all the applicants. Excess application money received on application was adjusted towards sums due on allotment. All calls were made and were duly received except from Rohini, who failed to pay allotment and first and final call on 7,500 shares applied by her. These shares were forfeited. Afterwards, 40% of the forfeited shares were re-issued at ₹ 11 per share as fully paid-up.

Pass the necessary journal entries in the books of Karur Ltd. Open call-in-arrears and call-in-advance accounts wherever necessary. *8*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

भाग ख

विकल्प 1

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

23. वित्तीय विवरण विश्लेषण की किसी एक सीमा का उल्लेख कीजिए । *1*

24. 0·75 : 1 के तरल अनुपात पर 'देय तिथि को बट्टे पर भुनाए गए एक प्राप्य बिल के अनादरण' के प्रभाव का उल्लेख कीजिए । अपने उत्तर के समर्थन में कारण भी दीजिए । *1*

25. उल्लेख कीजिए कि निम्न कथन सही है अथवा ग़लत : *1*

'इन्वेन्ट्री आवर्त अनुपात वित्तीय उत्तोलन का माप है ।'

26. एक्स लिमिटेड के कुल देनदार ₹ 9,00,000 थे । इसने डूबत तथा संदिग्ध ऋणों के लिए 10% का प्रावधान किया । 'व्यापारिक प्राप्य आवर्त अनुपात' की गणना करने के लिए देनदारों की कितनी राशि का उपयोग किया जाएगा ? *1*

27. रोकड़ प्रवाह विवरण से संबंधित किसी एक गतिविधि का उदाहरण दीजिए जो हमेशा वित्तीय होती है । *1*

28. 1 अक्टूबर, 2018 को माइक्रो लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 20,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन किया तथा इन ऋणपत्रों पर 31 मार्च, 2019 को ₹ 80,000 ब्याज का भुगतान किया । 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए । *1*

29. एक निवेश प्राय: रोकड़-तुल्य के योग्य केवल तब होता है जब इसके अधिग्रहण की तिथि से इसकी परिपक्वता अवधि अल्प हो : *1*

(A) एक माह अथवा कम

(B) तीन माह अथवा कम

(C) तीन माह अथवा अधिक

(D) एक वर्ष अथवा कम

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

PART B

OPTION 1

(Analysis of Financial Statements)

23. State any one limitation of Financial Statement Analysis. *1*

24. State the impact of 'Bills Receivable discounted dishonoured on due date' on the liquid ratio of 0·75 : 1. Also give reason in support of your answer. *1*

25. State whether the following statement is true or false. *1*

'Inventory Turnover Ratio measures the level of financial leverage.'

26. The total debtors of X Ltd. were ₹ 9,00,000. It had created a provision of 10% for bad and doubtful debts. What amount of debtors will be used for calculating the 'Trade Receivables Turnover Ratio' ? *1*

27. Give an example of an activity which is always financing with regards to the Cash Flow Statement. *1*

28. On 1.10.2018, Micro Ltd. issued 20,000, 8% debentures of ₹ 100 each and paid interest of ₹ 80,000 on these debentures on 31st March, 2019. Calculate the cash flow from financing activities for the period ending 31st March, 2019. *1*

29. An investment normally qualifies as cash-equivalent only when from the date of acquisition it has a short maturity period of : *1*

(A) One month or less

(B) Three months or less

(C) Three months or more

(D) One year or less

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

30. निम्न सूचना से 'कुल परिसम्पत्तियाँ – ऋण अनुपात' की गणना कीजिए : *3*

	₹
चालू परिसम्पत्तियाँ	11,00,000
कार्यशील पूँजी	6,50,000
अंशधारक निधि	7,50,000
कुल ऋण	19,50,000
संचय एवं आधिक्य	2,50,000

अथवा

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III भाग I के अनुसार, निम्न मदें एक कम्पनी के स्थिति विवरण में किस मुख्य शीर्षक/उप-शीर्षक के अन्तर्गत प्रस्तुत की जाएँगी ? *3*

(i) कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर

(ii) पूर्वदत्त याचना

(iii) अदत्त वेतन

(iv) प्रतिभूति प्रीमियम संचय

(v) एकस्व

(vi) निवेश पर उपार्जित ब्याज

31. निम्न सूचना से तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए : *4*

विवरण	31.3.2018 ₹	31.3.2019 ₹
प्रचालनों से आगम	4,00,000	3,00,000
अन्य आय	80,000	40,000
व्यय – प्रचालन आगम का 50%		
आय कर दर	40%	40%

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

30. Calculate the 'Total Assets to Debt Ratio' from the following information : *3*

	₹
Current Assets	11,00,000
Working Capital	6,50,000
Shareholder's Fund	7,50,000
Total Debt	19,50,000
Reserves and Surplus	2,50,000

OR

Under which major head/sub-head will the following items be presented in the Balance Sheet of a company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013 ? *3*

(i) Computer software

(ii) Calls-in-advance

(iii) Outstanding salary

(iv) Securities Premium Reserve

(v) Patents

(vi) Interest accrued on Investment

31. From the following information, prepare Comparative Statement of Profit and Loss : *4*

Particulars	31.3.2018 ₹	31.3.2019 ₹
Revenue from operations	4,00,000	3,00,000
Other Income	80,000	40,000
Expenses – 50% of Revenue from operations		
Income Tax Rate	40%	40%

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

निम्न सूचना से एल.एक्स. लिमिटेड का सामान्य आकार का स्थिति विवरण तैयार कीजिए : *4*

	विवरण	नोट सं.	31.3.2019 ₹	31.3.2018 ₹
I – समता तथा देयताएँ :				
1.	अंशधारक निधियाँ		20,00,000	10,00,000
2.	अचल देयताएँ		20,00,000	5,00,000
3.	चालू देयताएँ		10,00,000	5,00,000
	कुल		50,00,000	20,00,000
II – परिसम्पत्तियाँ :				
1.	अचल परिसम्पत्तियाँ		30,00,000	12,50,000
2.	चालू परिसम्पत्तियाँ		20,00,000	7,50,000
	कुल		50,00,000	20,00,000

32. (i) नोवा लिमिटेड की निम्न सूचना से निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

विवरण	31.3.2019 ₹	31.3.2018 ₹
मशीनरी (लागत पर)	5,00,000	3,00,000
मशीनरी पर एकत्रित मूल्यह्रास	1,00,000	80,000
ख्याति	1,50,000	1,00,000
भूमि	70,000	1,00,000

अतिरिक्त सूचना :

वर्ष में ₹ 50,000 लागत की एक मशीन, जिस पर एकत्रित मूल्यह्रास ₹ 35,000 था, ₹ 12,000 में बेची गई ।

(ii) 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष का विनियोजन के पश्चात् जोवा लिमिटेड का लाभ ₹ 2,50,000 था ।

अतिरिक्त सूचना :

क्र.स.	विवरण	राशि ₹
1.	मशीनरी पर मूल्यह्रास	20,000
2.	ख्याति अपलिखित की गई	9,000
3.	फर्नीचर विक्रय पर हानि	2,000
4.	सामान्य संचय में हस्तान्तरण	22,500

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

Prepare a common size Balance Sheet of L.X. Ltd. from the following information : *4*

	Particulars	Note No.	31.3.2019 ₹	31.3.2018 ₹
I – Equity and Liabilities :				
1.	Shareholder's Funds		20,00,000	10,00,000
2.	Non-Current Liabilities		20,00,000	5,00,000
3.	Current Liabilities		10,00,000	5,00,000
	Total		50,00,000	20,00,000
II – Assets :				
1.	Non-Current Assets		30,00,000	12,50,000
2.	Current Assets		20,00,000	7,50,000
	Total		50,00,000	20,00,000

32. (i) From the following information of Nova Ltd., calculate the cash flow from investing activities :

Particulars	31.3.2019 ₹	31.3.2018 ₹
Machinery (At cost)	5,00,000	3,00,000
Accumulated Depreciation on machinery	1,00,000	80,000
Goodwill	1,50,000	1,00,000
Land	70,000	1,00,000

Additional Information :

During the year, a machine costing ₹ 50,000 on which the accumulated depreciation was ₹ 35,000, was sold for ₹ 12,000.

(ii) The profit of Jova Ltd. for the year ended 31st March, 2019 after appropriation was ₹ 2,50,000.

Additional Information :

S.No.	Particulars	Amount ₹
1.	Depreciation of Machinery	20,000
2.	Goodwill written off	9,000
3.	Loss on sale of Furniture	2,000
4.	Transfer to General Reserve	22,500

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

31 मार्च, 2018 तथा 2019 को चालू परिसम्पत्तियों तथा चालू देयताओं की स्थिति निम्न प्रकार से थी :

विवरण	31.3.2018 ₹	31.3.2019 ₹
अग्रिम प्राप्त आय	8,000	—
इन्वेन्टरी (मालसूची)	12,000	8,000

प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए । *3+3*

भाग ख

विकल्प 2

(अभिकलित्र लेखांकन)

23. जब विभिन्न स्रोतों से एकत्रित डेटा का प्रक्रियण एक झटके में कर दिया जाता है, तो इसे कहते हैं : *1*

(A) वास्तविक समय प्रक्रियण

(B) डेटा मान्यता

(C) प्रक्रियण व पुन:मान्यता

(D) बैच प्रक्रियण

24. व्यक्ति का कद _____ एट्रीब्यूट है, जबकि उसकी शैक्षणिक योग्यता _____ एट्रीब्यूट हो सकती है । *1*

25. उस लेखांकन उपतंत्र का नाम बताइए जो क्रय तथा निर्गमित की गई विभिन्न मदों के मूल्य, मात्रा तथा डेटा बताते हुए उनके अभिलेखन से सम्बन्धित है : *1*

(A) क्रय एवं देय खाता उपतंत्र

(B) खर्चे लेखन का उपतंत्र

(C) इन्वेन्टरी उपतंत्र

(D) लागत उपतंत्र

26. माउस की चाल का मिलान की-स्ट्रोक्स (keystrokes) से कीजिए : *1*

(i)	एक सेल ऊपर	(a)	नीचे तीर (↓) या एन्टर
(ii)	एक सेल दाएँ	(b)	ऊपर तीर (↑)
		(c)	बाएँ तीर (←)
		(d)	दाएँ तीर (→)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

The following was the position of its Current Assets and Current Liabilities as at 31st March, 2018 and 2019.

Particulars	31.3.2018 ₹	31.3.2019 ₹
Income Received in Advance	8,000	—
Inventory	12,000	8,000

Calculate the Cash flow from operating activities. *3+3*

PART B
OPTION 2
(Computerised Accounting)

23. When the accumulated data from various sources is processed in one shot it is called : *1*

(A) Real Time Processing
(B) Data Validation
(C) Processing and Revalidation
(D) Batch Processing

24. Height of a person is a _____ attribute whereas academic qualification can be _____ attribute. *1*

25. Name the accounting subsystem which deals with recording of different items purchased and issued specifying the price, quantity and data. *1*

(A) Purchase and Accounts Payable subsystem
(B) Expense Accounting subsystem
(C) Inventory subsystem
(D) Costing subsystem

26. Match the movement of mouse with the keystrokes : *1*

(i)	One cell up	(a)	Down arrow key (↓) or Enter
(ii)	One cell right	(b)	Up arrow key (↑)
		(c)	Left arrow key (←)
		(d)	Right arrow key (→)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

(A) (i) (c) और (ii) (a)

(B) (i) (b) और (ii) (d)

(C) (i) (a) और (ii) (d)

(D) (i) (b) और (ii) (c)

27. _____ क्वैरी का प्रयोग डेटा मदों के एक समूह से कुल डेटा निकालने के लिए होता है न कि विस्तृत दस्तावेज़ों के सेट से डेटा निकालने के लिए । *1*

28. ##### अशुद्धि तब दृष्टिगोचर होती है जब : *1*

(A) एक ऋणात्मक डेटा का प्रयोग हुआ हो ।

(B) कॉलम की चौड़ाई पूरी न हो ।

(C) समय का ऋणात्मक मान प्रयुक्त हुआ हो ।

(D) उपर्युक्त सभी

29. 'प्राथमिक-की' क्षेत्र में डेटा का होना : *1*

(A) आवश्यक नहीं है ।

(B) आवश्यक तो है, परन्तु वह अद्वितीय हो यह आवश्यक नहीं ।

(C) आवश्यक भी है और वह अद्वितीय भी होना चाहिए ।

(D) उपर्युक्त सभी

30. 'महँगाई भत्ता' व 'सकल वेतन' की गणना का सूत्र लिखकर उसकी व्याख्या कीजिए । *3*

अथवा

'कॉन्ट्रा वाउचर' व 'प्राप्ति वाउचर' को समझाइए । *3*

31. अभिकलित्र लेखांकन तंत्र की किन्हीं चार सीमाओं का उल्लेख कीजिए । *4*

अथवा

'डेटा मान्यीकरण' का क्या अर्थ है ? दो उदाहरण दीजिए जब मूल्य शर्तों को पूरा नहीं कर रहे हों और सेल अशुद्धि दिखाए । *4*

32. उस अशुद्धि का नाम बताइए जो एक्सैल का प्रयोग करते समय आपके कम्प्यूटर पटल पर तब दृष्टिगोचर होती है जब प्रयोग किए जा रहे फार्मूले में किसी हटाए गए सेल का प्रयोग हो रहा है । यह भी समझाइए कि उस अशुद्धि को कैसे शुद्ध किया जा सकता है । *6*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

(A) (i) (c) and (ii) (a)
(B) (i) (b) and (ii) (d)
(C) (i) (a) and (ii) (d)
(D) (i) (b) and (ii) (c)

27. A _____ query is used to extract aggregate of data items for a group of records rather than a detailed set of records. *1*

28. A ##### error appears when : *1*
(A) A negative data is used.
(B) Column is not wide enough.
(C) Negative time is used.
(D) All of the above

29. The existence of data in a primary key field is : *1*
(A) Not necessarily required.
(B) Required but need not be unique.
(C) Required and must be unique.
(D) All of the above

30. Write and explain the formula to calculate 'Dearness Allowance' and 'Gross Salary'. *3*

OR

Explain 'Contra voucher' and 'Receipt voucher'. *3*

31. State any four limitations of a computerised accounting system. *4*

OR

What is meant by 'data validation' ? Give two examples when the cell will give error if the values are not meeting the conditions. *4*

32. Name the error which appears on the screen of your computer while using Excel, when the formula refers to a deleted cell. Also explain how to correct that error. *6*